भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 730

25 जुलाई, 2023 को उत्तर के लिए नियत

**दिल्ली में फेम-।। योजना**

**730. श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली में भारत में हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों का तीव्र अंगीकरण एवं विनिर्माण (फेम-।।) योजना कार्यान्वित कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार के माध्यम से अथवा सीधे दिल्ली के लोगों को इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार फेम-।। योजना के अंतर्गत दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग अवसंरचना सृजित करने पर कार्य कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)**

(क): जी, हाँ। भारी उद्योग मंत्रालय ने दिल्ली सहित अखिल भारतीय आधार पर कुल 10,000 करोड़ रुपये के बजटीय सहायता से 1 अप्रैल, 2019 से पांच वर्ष की अवधि के लिए भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों का तीव्र अंगीकरण और विनिर्माण, चरण-II (फेम इंडिया, चरण-II) स्कीम तैयार की है। इस चरण में मुख्य रूप से सार्वजनिक और साझा परिवहन के विद्युतीकरण के लिए सहायता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है और इसका उद्देश्य मांग प्रोत्साहन के माध्यम से 7090 ई-बसों, 5 लाख ई-तिपहिया वाहनों, 55000 ई-चौपहिया यात्री कारों और 10 लाख ई-दुपहिया वाहनों के ख़रीदारों को सहायता प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त, स्कीम के अंतर्गत चार्जिंग अवसंरचना के सृजन के लिए भी सहायता प्रदान की जाती है।

(ख): जी हाँ। फेम-II स्कीम के अंतर्गत दिल्ली में 1321 इलेक्ट्रिक बसें स्वीकृत की गई हैं।

(ग): जी हाँ। दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग अवसंरचना के सृजन के लिए भारी उद्योग मंत्रालय ने फेम-II के अंतर्गत 119 चार्जिंग स्टेशनों को संस्वीकृति प्रदान की है जिनकी स्थापना तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) द्वारा की जाएगी। इसके अतिरिक्त, दिल्ली में अन्य इकाई द्वारा फेम-II के अंतर्गत स्वीकृत 21 चार्जिंग स्टेशन चालू किए गए हैं।

*****